# NEERAJ®

# इतिहास
# (History)

N-315

## Chapter wise Reference Book
## Including Many Solved Sample Papers

*Based on*

# N.I.O.S. *Class – XII*
## National Institute of Open Schooling

*By :*
*Manish Kumar*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
( Publishers of Educational Books )

Retail Sales Office:
1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6
Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail: info@neerajbooks.com
Website: www.neerajbooks.com

MRP ₹ 350/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office : 1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006
E-mail: info@neerajbooks.com | Website: www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printer

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

*Get books by Post & Pay Cash on Delivery :*

*If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.*

*While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.*

*No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 3-4 days after we receive your order and it takes Nearly 4-5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 8-9 days).*

# CONTENTS

# इतिहास
## ( HISTORY )

***Based on:*** **NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING – XII**


| *S.No.* | *Chapters* | *Page* |
|---|---|---|
| | **Solved Sample Paper - 1** | **1–6** |
| | **Solved Sample Paper - 2** | **1–7** |
| | **Solved Sample Paper - 3** | **1–6** |
| | **Solved Sample Paper - 4** | **1–5** |
| | **Solved Sample Paper - 5** | **1–6** |

| *S.No.* | *Chapter* | *Page* |
|---|---|---|
| | **प्राचीन भारत ( Ancient India )** | |
| 1. | भारत के इतिहास को समझना (Understanding Indian History) | 1 |
| 2. | भारत का भौगोलिक परिवेश और प्रागैतिहासिक सभ्यताएँ (The Geographical Setting and Pre-historic Cultures of India) | 8 |
| 3. | हड़प्पा सभ्यता (The Harappan Civilization) | 16 |
| 4. | वैदिक काल : 1500 ई.पू. – 600 ई.पू. (The Vedic Age: 1500 BC – 600 BC) | 24 |
| 5. | जनपद से साम्राज्य की ओर (From Janapadas to Empire) | 39 |
| 6. | मौर्योत्तर विकास (Post-Mauryan Developments) | 49 |
| 7. | गुप्त वंश तथा उनके उत्तराधिकारी : 300–750ई. (The Guptas and their Successors: AD 300–750) | 58 |
| 8. | 750-1200 ई. के मध्य भारत (India between AD 750-1200) | 72 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| | **मध्यकालीन भारत ( Medieval India )** | |
| 9. | दिल्ली सल्तनत की स्थापना और विस्तार (Establishment and Expansion of the Delhi Sultanate) | 80 |
| 10. | मुगल शासन की स्थापना (Establishment of Mughal Rule) | 89 |
| 11. | भारत में प्रादेशिक राज्यों का उदय : 12वीं से 18वीं शताब्दी तक (Emergence of Regional States in India: 12th to 18th Century) | 97 |
| 12. | प्रशासनिक प्रणाली तथा संस्थाएँ (Administrative System and Institutions) | 104 |
| 13. | मध्यकालीन भारत की अर्थव्यवस्था (Economy of Medieval India) | 115 |
| 14. | मध्यकालीन भारत में सांस्कृतिक विकास (Cultural Development in Medieval India) | 128 |
| 15. | 18वीं शताब्दी में भारत की स्थिति (Position of India in 18th Century) | 140 |
| | **आधुनिक भारत ( Modern India )** | |
| 16. | 1857 तक भारत में ब्रिटिश शासन की स्थापना (Establishment of British Rule in India till 1857) | 153 |
| 17. | ब्रिटिश उपनिवेशवाद के आर्थिक प्रभाव (Economic Effects of British Colonialism) | 160 |
| 18. | आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन (Social Changes in Modern India) | 166 |
| 19. | कंपनी शासन का जन-विरोध (Public Resistance to Company Rule) | 176 |
| | **भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन तथा तत्कालीन भारत (Indian National Movement and Contemporary India)** | |
| 20. | राष्ट्रवाद (Nationalism) | 181 |
| 21. | भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन तथा भारतीय प्रजातंत्र (Indian National Movement and Indian Democracy) | 188 |
| | **20वीं शताब्दी का विश्व ( 20th Century World )** | |
| 22. | सन् 1900 में विश्व : 19वीं शताब्दी का महत्त्व (The World in 1900: The 19th Century Legacy) | 197 |
| 23. | प्रथम विश्व युद्ध और रूसी क्रान्ति (World War I and the Russian Revolution) | 203 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 24. | अंतर-युद्ध अवधि और द्वितीय विश्व युद्ध (The Inter-War Period and the Second World War) | 209 |
| 25. | शीत युद्ध युग व उसके प्रभाव (The Cold War Era and its Effects) | 214 |
| 26. | राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन, विऔपनिवेशीकरण तथा विकास, 1945 से अब तक (National Liberation Movements, Decolonization and Development, 1945 – Present) | 219 |
| 27. | 20वीं शताब्दी में सांस्कृतिक सामाजिक रूपांतरण (Social Transformation in 20th Century) | 223 |
| 28. | 20वीं शताब्दी में सांस्कृतिक परिवर्तन (Cultural Changes in 20th Century) | 230 |


## वैकल्पिक मॉड्यूल

### A: भारत में राज्यों का विकास ( Evolution of States in india )


| | | |
|---|---|---|
| 29A. | राज्य-निर्माण की ओर ( Towards the Formation of the State ) | 234 |
| 30A. | प्रारंभिक राज्य ( Early States ) | 238 |
| 31A. | मध्यकालीन राज्य ( The Medeival States ) | 243 |
| 32A. | औपनिवेशिक राज्य ( Colonial States ) | 248 |


## वैकल्पिक मॉड्यूल

### B: भारत में संस्कृति ( Culture in India )


| | | |
|---|---|---|
| 29B. | समसामयिक सांस्कृतिक स्थिति ( Contemporary Cultural Situation ) | 252 |
| 30B. | सांस्कृतिक उत्पादन ( Cultural Production ) | 257 |
| 31B. | सांस्कृतिक संचार ( Cultural Communication ) | 261 |


■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# Solved Sample Paper - 1

**Based on NIOS (National Institute of Open Schooling)**

# इतिहास – XII

## ( History )

*समय : 3 घंटे]* *[ पूर्णांक : 100*

**नोट :** *(i)* इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं–खण्ड 'अ' अथवा खण्ड 'ब'।

*(ii)* खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

*(iii)* खण्ड 'ब' में दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

*(iv)* प्रश्न संख्या **1** से **4** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में, प्रश्न संख्या 5 से **11** तथा **17** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों में और प्रश्न संख्या **12** से **15** तथा **18** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों में दीजिए।

### खण्ड-अ

**प्रश्न 1. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम प्रवचन किस जगह पर दिया था? इस घटना को क्या नाम दिया गया?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-41, प्रश्न 3

**प्रश्न 2. मेसोलिथिक संस्कृति से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर–**पाषाण काल के बाद मध्य पाषाणकाल का आगमन हुआ। इस काल में मानव पाषाण काल की अपेक्षा कुछ उन्नत था। भारत में इस काल का प्रारंभ 10,000 ई.पू. के आस-पास माना जाता है। इस काल में अनेक परिवर्तन हुए। तापमान में वृद्धि हो गयी। इस काल में भी मानव मुख्य रूप से शिकार एवं खाद्य संग्रहण पर ही निर्भर था। परन्तु इस काल में मानव ने मछली एवं अनेक जानवरों को पालना आरंभ कर दिया था। इस काल के उपकरण आकार में अत्यंत छोटे थे। औजार त्रिकोण, अर्ध-चन्द्रकार, एवं समलंबाकार थे। भारत के विभिन्न भागों से मध्य पाषाण कालीन साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। मध्य प्रदेश के भीमबेतका, गुजरात के लघंनाज, उत्तर प्रदेश की बेलन घाटी, पश्चिम बंगाल में वीर भानपुर, कर्नाटक में संगनकल्लु इत्यादि स्थानों पर मध्य पाषाण कालीन अवस्था के चिह्न प्राप्त हुए हैं।

**प्रश्न 3. बाबर का भारत आगमन ( 1526 ) महत्त्वपूर्ण क्यों माना जाता है?**

**उत्तर–**बाबर प्रसिद्ध मंगोल नेता चंगेज खान एवं तैमूर के वंश से सम्बन्धित था। मध्य एशिया की अराजक स्थिति ने बाबर को भारत की तरफ बढ़ने के लिए प्रेरित किया। दुर्भाग्यवश इस समय भारत की राजनैतिक स्थिति भी काफी अस्त-व्यस्त थी। लोदी सुल्तान इब्राहिम लोदी के कार्यों से चारों ओर अराजकता का वातावरण उत्पन्न हो गया था। विभिन्न अमीरों ने दिल्ली सल्तनत को विनाशकारी आघात पहुँचाने के लिए बाबर को आमंत्रित किया। 1526 में पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर ने इब्राहिम लोदी को पराजित करके भारत में मुगल वंश की स्थापना की।

**प्रश्न 4. नया शीत युद्ध, प्रारम्भिक शीत युद्ध से किस प्रकार अलग था?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-25, पृष्ठ-218, प्रश्न 7

**प्रश्न 5. चार प्रमाण देकर सिद्ध कीजिए कि हड़प्पावासियों का दूसरे देशों के साथ व्यापारिक संबंध था।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-22, प्रश्न 3

**अथवा**

**उत्तर वैदिक काल में आर्य संस्कृति के विस्तार के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारकों का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–**उत्तर वैदिक काल में आर्य संस्कृति के विस्तार के निम्नलिखित कारण थे-

*(i)* अपने भौगोलिक विसतार के अंतर्गत आर्य भारत में सबसे पहले सप्त सिंधु-क्षेत्र में बसे, जहाँ सात नदियां थीं। वहाँ इन्हें कृषि करने के पर्याप्त साधन मिले।

*(ii)* उत्तर वैदिक काल तक भारत में लोहे का प्रयोग शुरू हो गया। लोहे की कुल्हाड़ी से घने जंगलों का सफाया करना आसान हो गया, जिसके कारण कृषि के लिए काफी क्षेत्र उपलब्ध हो गया।

*(iii)* धीरे-धीरे आर्यों के परिवार बढ़ने लगे, चित्रित घूसर-मृद् भाण्डों का कई स्थानों पर पाया जाना जनसंख्या की व्यापक वृद्धि को दर्शाया है।

*(iv)* उत्तर वैदिक काल में आर्यों के समाज का गठन किया। इस समय तक आर्यों का प्रसार हिमालय पर्वत से लेकर नर्मदा नदी तथा सिंधु नदी से लेकर बंगाल तक समस्त उत्तर भारत में हो गया था।

**प्रश्न 6. वुड्स् योजना ( वुड्स् डिस्पैच ), 1854 की किन्हीं चार मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-18, पृष्ठ 169 प्रश्न 4 (पाठगत प्रश्न 18.3)

**अथवा**

**19वीं शताब्दी में सामाजिक तथा धार्मिक सुधारों को प्रोत्साहित करने वाले किन्हीं चार कारकों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर**–19वीं सदी के सुधार आंदोलन मुख्यत: सामाजिक सुधारों के स्वरूप से मुक्त थे, क्योंकि भारतीय समाज के मूल्य नीति-रिवाज धर्म पर आधारित थे। अत: अनेक कुरीतियों का समर्थन धर्म के आधार पर किया जाता था। अत: धर्म में सुधार के बिना समाज में सुधार संभव नहीं था।

सामाजिक सुधार आंदोलन का नेतृत्वकर्ता मध्यवर्ग था और उसके प्रचार-प्रसार का माध्यम पत्र-पत्रिकायें एवं पुस्तक थीं। इस आंदोलन का मुख्यत: प्रसार शिक्षित समूह एवं शहरी क्षेत्रों तक रहा। इतना ही नहीं सुधारकों की मांग जैसे सती प्रथा, प्रदा प्रथा, बहुपत्नी प्रथा की समाप्ति प्राय: समाज के मध्य या उच्च वर्ग से संबंधित थी।

सुधार आंदोलनों में व्यक्ति के अधिकारों, स्वतंत्रता तथा समानता पर जोर दिया गया, तो साथ ही महिला मुक्ति की भी बात की गई तथा कानून के माध्यम से सुधारों पर बल दिया गया।

19वीं सदी के सुधार आंदोलन चाहे किसी भी धर्म और समाज से जुड़े रहे हों, सभी में शिक्षा पर विशेष बल दिया गया।

**प्रश्न 7. अलाउद्दीन खलजी द्वारा बाजार पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए चार उपायों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर**–देखें अध्याय-9, पृष्ठ-86, प्रश्न 4

**अथवा**

**दिल्ली सल्तनत के सम्मुख किन्हीं चार चुनौतियों का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर**–दिल्ली सल्तनत की चुनौतियां–

1. अमीरों एवं अभिजात वर्गों के बीच संघर्ष होना।
2. दिल्ली सल्तनत की कमजोरी के कारण जौनपुर कश्मीर, मालवा, गुजरात बंगाल जैसी क्षेत्रीय शक्तियों का उदय हुआ
3. मंगोलों के हमले होना।
4. शासकों का मनमाना व्यवहार।

**प्रश्न 8. भारत में राष्ट्रीयता की भावना के विकास के कारणों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर**–देखें अध्याय-20, पृष्ठ-182, प्रश्न 2 (पाठगत पश्न 20.1), पृष्ठ-183, प्रश्न 2, (पाठगत प्रश्न 20.2), पृष्ठ 187, प्रश्न 7

**अथवा**

**भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन पर बंगाल विभाजन (1905) के प्रभावों का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**-देखें अध्याय-21, पृष्ठ-189, प्रश्न 2

**इसे भी देखें**–इतिहास में इसे बंगभंग के नाम से भी जाना जाता है। यह अंग्रेजों की "फूट डालो शासन करो" वाली नीति का ही एक अंग था। अत: इसके विरोध में संपूर्ण देश में 'बंग-भंग' आंदोलन शुरू हो गया। पूरे बंगाल में विरोध की आग फूट पड़ी, लोगों का रोष चरम सीमा पर पहुंच गया। इसी समय भारतीयों ने स्वदेशी को अपनाना शुरू कर दिया और विदेशी सामान के बहिष्कार का निर्णय किया।

**प्रश्न 9. रूसी क्राति (1917) के किन्हीं चार कारणों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-23, पृष्ठ-206, प्रश्न 2, 3

**अथवा**

**राष्ट्र-संघ के मुख्य उद्देश्यों का परीक्षण कीजिए। यह किस हद तक सफल रहा?**

**उत्तर**–संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 में हुई। इसकी स्थापना 50 देशों के हस्ताक्षर होने के साथ हुई थी।

विश्व में शांति की स्थापना करना, क्योंकि यह एक अंतरर्राष्ट्रीय संगठन है तो, उसका उद्देश्य मानव अधिकारों की रक्षा करना है। सामाजिक विकास, आर्थिक विकास और अंतरर्राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सजग रहना। किंतु यह मानवता का दुर्भाग्य था कि राष्ट्र संघ अपने महान आदर्शों, महत्वाकांक्षी सपनों और उद्देश्यों की प्राप्ति में सफल नहीं हो सका। राष्ट्र संघ की असफलता के कारण निम्नलिखित थे-

**(1) उग्र राष्ट्रीयता**–राष्ट्र संघ की विफलता का एक कारण विभिन्न राष्ट्रों की उग्र राष्ट्रीयता थी। प्रत्येक राष्ट्र स्वयं को संप्रभु समझते हुए अपनी इच्छा अनुसार कार्य करने में विश्वास करते थे। कोई भी राष्ट्र अंतरर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए अपने प्रभुसत्ता पर किसी का नियंत्रण स्थापित करने को तैयार नहीं था।

**(2) सार्वभौमिकता का अभाव**–विश्व शांति के लिए आवश्यक था कि विश्व के सभी देश राष्ट्र संघ के सदस्य होते, किन्तु ऐसा नहीं हो सका। प्रारंभ में सोवियत संघ और जर्मनी को संगठन से अलग रखा गया।

**(3) अमेरिका का सदस्य न बनना**–अमेरिकन राष्ट्रपति वुड्रो विलसन ने राष्ट्र संघ की स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई किन्तु अमेरिका सीनेट ने सदस्यता के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। इसलिए राष्ट्र संघ को अमेरिका का सहयोग नहीं मिल सका।

**(4) राष्ट्र संघ द्वारा युद्ध रोकने की ढीली व्यवस्था**– राष्ट्र संघ के विधान द्वारा युद्ध रोकने की ढीली-ढाली की व्यवस्था की गई थी। प्रसंविदा की धारा 15 में अंतरर्राष्ट्रीय विवादों को निपटाने की जो व्यवस्था थी, वह बहुत देरी करने वाली थी। विचार-विमर्श में ही काफी समय बीत जाता था और तब तक आक्रमणकारी को युद्ध की तैयारी करने का मौका मिला जाता था।

**(5) घृणा पर आधारित**–राष्ट्र संघ की स्थापना का आधार घृणा थी, क्योंकि यह संघ वर्साय संधि की ही देन थी। संधि की ही देन थी। वर्साय संधि की प्रथम 26 धाराएं राष्ट्र संघ का विधान थीं। इस प्रकार यह राष्ट्र संघ का अभिन्न अंग था। पराजित राष्ट्र इस संधि को घृणा की दृष्टि से देखते थे और उसे अन्याय का प्रतीक मानते थे।

**प्रश्न 10. "दिसम्बर 1941 में द्वितीय विश्व युद्ध ने एक 'वैश्विक युद्ध' का रूप ले लिया।" इस कथन को सिद्ध कीजिए।**

**उत्तर**–1930 के पश्चात् जर्मनी, इटली, जापान ने विभिन्न देशों के ऊपर आक्रमण की नीति अपनाई, परन्तु ब्रिटेन, फ्रांस जैसे देशों ने तुष्टीकरण की नीति अपनाई एवं मूक दर्शक बने रहे जिससे इटली में फासिस्टों को युद्ध की स्थिति तैयार करने में सहायता मिली। जापान एवं मंचूरिया पर आक्रमण, इटली द्वारा इथिपोपिया पर आक्रमण को द्वितीय विश्व युद्ध का पूर्वाभ्यास समझा गया। हिटलर ने अपना सारा ध्यान पोलैण्ड पर लगाया। ब्रिटेन एवं फ्रांस ने घोषणा की कि यदि जर्मनी पोलैण्ड पर आक्रमण करेगा तो वे जर्मनी पर आक्रमण कर देंगे, परन्तु हिटलर पर इसका कोई भी प्रभाव नहीं पड़ा एवं उसने

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# इतिहास
# ( HISTORY )

**प्राचीन भारत**
**( Ancient India )**

## भारत के इतिहास को समझना 1
## ( Understanding Indian History )

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

### परिचय

प्राचीन भारतीय इतिहास के पुनर्निर्माण के लिए विभिन्न स्रोत आवश्यक हैं। पुरातत्ववेत्ता विभिन्न स्रोतों की खोज करते हैं और इतिहास के वैज्ञानिक निर्माण की रूपरेखा तैयार की जाती है। इतिहासकारों से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐतिहासिक प्रमाणों की सत्यता की जाँच करें। इतिहासकार एवं पुरातत्त्ववेत्ता ऐतिहासिक स्रोतों की खोज करके विभिन्न तथ्यों को प्रस्तुत करते हैं, जिससे इतिहास लेखन को बल मिलता है। इतिहासकारों द्वारा विभिन्न ऐतिहासिक साक्ष्यों की विभिन्न स्रोतों से पुष्टि के बाद तथ्य को स्वीकारा जाता है। इतिहास का शाब्दिक अर्थ है, ऐसा हुआ अर्थात ऐसा ही हुआ। लिखित स्रोतों को इतिहास का प्रामाणिक स्रोत माना जाता था। मौखिक साक्ष्यों को सही स्रोत नहीं माना जाता था। लेकिन आज कई तरीकों से स्रोतों का उपयोग किया जा रहा है। धार्मिक साहित्य से इतिहास के पुनर्निर्माण में काफी सहायता मिलती है। धार्मिक साहित्य के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार का साहित्य आ जाता है। वेदों की संख्या चार है–ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद एवं अथर्वेद इसके अतिरिक्त ब्राह्मण, आख्यक एवं उपनिषद भी धार्मिक साहित्य हैं। महत्त्वपूर्ण महाकाव्यों में 'रामायण' एवं 'महाभारत' हैं। रामायण में 24,000 श्लोक एवं महाभारत में एक लाख श्लोक हैं। सूत्रों में गृह्य सूत्र, श्रौत सूत्र एवं धर्मसूत्र महत्त्वपूर्ण हैं। जैन धर्म एवं बौद्ध धर्म का साहित्य भी काफी महत्त्वपूर्ण है। बौद्ध धर्म के साहित्य को तीन पिटकों में विभाजित किया गया है। ये हैं–सुत्तपिटक, विनयपिटक एवं अभिधम्मपिटक। बौद्ध साहित्य के अन्तर्गत जातक ग्रंथों का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है। इनमें बुद्ध के पूर्व जन्मों की कथाएँ वर्णित हैं। जैन साहित्य की रचना प्राकृत भाषा में की गई जो 'अंग' कहलाते हैं। धार्मिकेतर साहित्य के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के ग्रंथ आते हैं। पाणिनी कृत 'अष्टाध्यायी', कौटिल्य कृत 'अर्थशास्त्र', कालिदास कृत 'मेघदूत' एवं 'ऋतुसंहार', विशाखदत्त की 'मुद्राराक्षस', भास का 'स्वप्नवासवदत्ता', कल्हण की 'राजतरंगिणी', बाणभट्ट का 'हर्षचरित' इत्यादि। सभी प्रकार के धार्मिकेतर ग्रंथ इतिहास के पुनर्निर्माण में काफी महत्त्व रखते हैं। दक्षिण भारत का साहित्य संगम साहित्य कहलाता है। जिसकी रचना तमिल भाषा में की गई। संगम साहित्य से दक्षिण भारत की राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक दशाओं पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। गैर साहित्यिक स्रोतों में अभिलेख काफी महत्त्वपूर्ण हैं जिनसे इतिहास के पुनर्निर्माण में काफी सहायता मिलती है। इन अभिलेखों से तत्कालीन राजनैतिक, धार्मिक एवं आर्थिक दशा का ज्ञान मिलता है। भारत में सबसे प्राचीन अभिलेख हड़प्पा सभ्यता के हैं। परन्तु इन अभिलेखों को पढ़ने में अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। अशोक के अभिलेख महत्त्वपूर्ण है जिनको पढ़ा जा सका है और उस काल की महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की गई हैं। अशोक के ज्यादातर अभिलेख ब्राह्मी लिपि एवं प्राकृत भाषा में हैं। ब्राह्मी लिपि को पढ़ने में सफलता सबसे पहले जेम्स प्रिंसेप को मिली। कालान्तर में अनेक शासकों ने अपने अभिलेख खुदवाए। अभिलेख विभिन्न

शासकों के शासन का हाल जानने के लिए काफी महत्त्वपूर्ण स्रोत माने जाते हैं। प्राचीन भारतीय इतिहास के निर्माण में विभिन्न प्रकार के सिक्कों का भी काफी महत्त्व है। सिक्के अधिकतर सोने, चाँदी, ताँबा, काँसा एवं शीशे के बनाए जाते थे। भारत में सबसे प्राचीन सिक्के ई.पू. छठी शताब्दी के हैं। इन्हें पंच मार्क्ड या आहत सिक्के कहा जाता है। इन सिक्कों पर किसी प्रकार का लेख उत्कीर्ण नहीं किया जाता था, परन्तु भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग में यूनानियों के शासन की स्थापना के बाद से भातीय सिक्कों पर भी लेख एवं विभिन्न आकृतियाँ दृष्टिगत होने लगीं। भारत में सबसे पहले स्वर्ण मुद्रायें कुषाण शासकों ने चलायी थीं। सिक्कों से धार्मिक एवं व्यापारिक स्थिति पर काफी प्रकाश पड़ता है। पुरातत्त्व से भी इतिहास के विभिन्न युगों पर प्रकाश पड़ता है। खुदाई के दौरान अनेक प्रकार के भवनों के ढाँचे, मिट्टी के बर्तन, विभिन्न उपकरण, विभिन्न आभूषण एवं कई प्रकार की सामग्री से भी विभिन्न कालों की जानकारी प्राप्त होती है। पाषाण युग की जानकारी तो हमें केवल उत्खनित सामग्री से ही प्राप्त होती है। प्राचीन काल की वस्तुओं का सही काल जानने के लिए कार्बन-14 विधि का प्रयोग किया जाता है। इस विधि में वस्तुओं में स्थित कार्बन का परीक्षण किया जाता है।

विदेशी यात्रियों के यात्रा वृत्तांत भी इतिहास की जानकारी में काफी उपयोगी रहे हैं। समय-समय पर अनेक विदेशी यात्रियों ने भारत की यात्रा की। यूनानी शासक सेल्यूकस का राजदूत मेगस्थनीज चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में आया था। उसने 'इण्डिका' नामक पुस्तक की रचना की थी। 'इण्डिका' से मौर्यकालीन प्रशासनिक, धार्मिक अवस्था एवं सामाजिक अवस्था पर काफी प्रकाश पड़ता है। कई चीनी यात्रियों ने भी भारत की यात्रा की। उनके लेखों से भी इतिहास की जानकारी प्राप्त होती है। प्रसिद्ध चीनी यात्री फाहियान गुप्त सम्राट चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय भारत आया था। फाहियान ने तत्कालीन दशा का काफी अच्छा विवरण दिया है। ह्वेनसांग भी एक प्रसिद्ध चीनी यात्री था जिसने हर्षवर्धन के काल में भारत की यात्रा की थी। इतिहास की बदलती हुई अवधारणाओं के अन्तर्गत बहुत से विद्वान यह मानते हैं कि भारतीयों को इतिहास लेखन का कोई बोध नहीं था, परन्तु यह विचारधारा सही नहीं है। भारतीयों का इतिहास लेखन बोध पश्चिम से भिन्न था। पुराण एवं विभिन्न अभिलेख भारतीयों के इतिहास लेखन के प्रबल प्रमाण हैं। प्राचीन भारत के इतिहास में आधुनिक खोज 1765 के लगभग आरंभ हुई। जर्मन विद्वान मैक्समूलर ने भारतीय संस्कृति का काफी अध्ययन किया। ब्रिटिश शासकों ने भी शीघ्र ही समझ लिया कि भारतीयों पर शासन करने के लिए अनेक धर्मग्रंथों एवं विचारों को जानना आवश्यक है। ब्रिटिश लेखकों ने भारत के इतिहास को ब्रिटिश दृष्टिकोण से देखा। उन्होंने भारत में ब्रिटिश शासन को सही ठहराने का प्रयास किया। कुछ भारतीय विद्वानों ने ब्रिटिश लेखकों द्वारा भारतीय इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने की आलोचना की। भंडारकर, राजवाड़े एवं पी.वी. काणे जैसे विद्वानों ने भारतीय इतिहास में भारतीय संस्कृति के वास्तविक गौरव को पेश किया। एच.सी. रायचौधरी, आर.सी. मजूमदार एवं के.पी. जायसवाल जैसे विद्वानों ने इतिहास का पुनर्लेखन किया एवं उसके महत्त्व को लोगों के सामने रखा। स्वतंत्रता के बाद इतिहास लेखन की एक नई प्रवृत्ति उभरी अब इतिहास लेखन में राजनैतिक घटनाओं के साथ-साथ समाज एवं अर्थव्यवस्था के भी विभिन्न पहलुओं पर ध्यान दिया जाने लगा। ए.एल. बाशम एवं डी.डी. कोसाम्बी ऐसे ही लेखक थे जिन्होंने अपनी रचनाओं में समाज एवं अर्थव्यवस्था पर ज्यादा जोर दिया। इनका इतिहास लेखन सामाजिक एवं आर्थिक पक्षों का विश्लेषण करता है। भारतीय इतिहास की विषयवस्तु के अन्तर्गत सभी पक्षों को सम्मिलित किया जाता है। अर्थात् राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक पक्ष। इन समस्त पक्षों के विभिन्न पहलुओं को भी जानना आवश्यक है। इस अध्याय में उपर्युक्त वर्णित विभिन्न पहलुओं के सम्बन्ध में विचार किया गया है। इसके अतिरिक्त भारतीय इतिहास के प्रभाव और महत्त्व का भी विश्लेषण इस अध्याय में किया गया है।

## पाठगत प्रश्न 1.1

**प्रश्न 1. चारों वेदों के नाम बताइए।**

**उत्तर**–भारत में आर्यों का आगमन एक महत्त्वपूर्ण घटना मानी जाती है। हड़प्पा सभ्यता के पतन के पश्चात भारत में आर्यों का आगमन हुआ। इन आर्यों की सभ्यता एवं संस्कृति की जानकारी हमें वेदों से प्राप्त होती है। वेदों की संख्या चार हैं–ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद। इन वेदों से मूल निवास स्थान, आर्यों का प्रसार, आर्यों के धर्म एवं रीति-रिवाजों पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। इनमें ऋग्वेद को संसार की सबसे प्राचीन साहित्यिक कृति मानी जाती है। मुख्य रूप से इन वेदों का रचना काल 1500 ई.पू. से 500 ई.पू. के लगभग माना जाता है।

**प्रश्न 2. संस्कृत व्याकरण का सर्वप्रथम ग्रंथ कौन.सा है?**

**उत्तर**–संस्कृत व्याकरण का सर्वप्रथम ग्रंथ पाणिनीकृत 'अष्टाध्यायी' है। इसके रचयिता पाणिनी भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिम के सीमाप्रान्त के शालातुर ग्राम के निवासी थे। इनका ग्रंथ 'अष्टाध्यायी' इनकी व्याकरण की अपनी सूक्तों और सूत्रपद्धति के ग्रंथों में बेजोड़ है। पाणिनी कृत 'अष्टाध्यायी' में तत्कालीन इतिहास का अच्छा चित्रण किया गया है। इस ग्रंथ के रचयिता को लगभग 22 जनपदों का ज्ञान था।

**प्रश्न 3. जातक से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर**–भारतीय इतिहास पर प्रकाश डालने में ब्राह्मण साहित्य के समान ही बौद्ध साहित्य भी काफी महत्त्वपूर्ण है। बौद्धों के

www.neerajbooks.com



धार्मिक सिद्धान्त प्रमुखत: तीन पिटकों में संगृहीत हैं। विनयपिटक, सुत्तपिटक और अभिधम्मपिटक। जातक से तात्पर्य उस साहित्य से है जिसमें महात्मा बुद्ध के पूर्व जन्मों की कहानियां संगृहीत हैं। सुत्तपिटक के अन्तर्गत जातक सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हैं।

**प्रश्न 4. दक्षिण भारत के संगम साहित्य की भाषा क्या है?**

**उत्तर**–दक्षिण भारत की सभ्यता एवं संस्कृति की जानकारी हमें संगम साहित्य से प्राप्त होती है। वास्तव में सुदूर दक्षिण के जन-जीवन पर सबसे पहले संगम साहित्य से ही स्पष्ट प्रकाश पड़ता है। संगम साहित्य निम्नलिखित संकलनों में प्राप्त हैं– नरिंणई, कुरून्तोगई, ऐन्गुरूनूरू, पतुप्पटटु, परिपाड्ल, कलित्तोगई, अहनानरू और पुरूनानरू और ये सभी संगम साहित्य तमिल भाषा में रचित हैं। इन संकलनों में जो आज 2289 रचनाएं उपलब्ध हैं इनमें से कुछ कविताएं तो अत्यंत छोटी एवं कुछ कविताएं काफी लम्बी हैं।

**प्रश्न 5. 'उपनिषद्' से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर**–आर्यों के साहित्य के अंतर्गत वेद, ब्राह्मण, आरण्यक आदि आते हैं। आरण्यकों के बाद उपनिषदों का स्थान आता है। उपनिषदों से हमें आर्यों के प्राचीनतम दार्शनिक विचारों का ज्ञान प्राप्त होता है। जैसे कि सृष्टि की रचना किसने की? जीव क्या है? मृत्यु के बाद जीव का क्या होता है? ईश्वर का स्वरूप क्या है? मनुष्य को वास्तविक सुख किस प्रकार मिल सकता है? आदि। उपनिषद में 'उप' का अर्थ है 'समीप' और 'निषद' का अर्थ है 'बैठना'। इस प्रकार उपनिषद का अर्थ हुआ समीप बैठना। इनसे कुछ विद्वानों ने यह आशय निकाला है कि जिस रहस्य विद्या का ज्ञान गुरु के समीप बैठकर प्राप्त किया जाता था, उसे 'उपनिषद' कहते थे। अन्य विद्वानों का मत है कि उपनिषद का अर्थ उस विद्या से है जो मनुष्य को ब्रह्म के समीप बैठा देती है अथवा उसे आत्मज्ञान करा देती है। उपनिषदों की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा यह है कि जीवन का उद्देश्य मनुष्य की आत्मा का विश्व की आत्मा से मिलना है। उसी से मनुष्य को वास्तविक सुख मिल सकता है। इसको 'पराविद्या' या 'अध्यात्मविद्या' कहा गया है। उपनिषदों में यान्त्रिक यज्ञों के स्थान पर ज्ञान-यज्ञ का प्रतिपादन किया गया है।

## पाठगत प्रश्न 1.2

**प्रश्न 1. उत्कीर्ण लेखों का अध्ययन क्या कहलाता है?**

**उत्तर**–इतिहास लेखन में पुरातात्त्विक स्रोतों का काफी महत्त्वपूर्ण स्थान है। पुरातात्त्विक स्रोतों से ही इतिहास के अनसुलझे पहलू हमारे सामने अनावृत्त हो जाते हैं। इन पुरातात्त्विक स्रोतों में अभिलेखों का महत्त्व भी कम नहीं है। अभिलेखों या उत्कीर्ण लेखों के अध्ययन को पुरालेखशास्त्र या पुरालेख विद्या कहते हैं।

**प्रश्न 2. प्रशस्ति किसे कहते हैं?**

**उत्तर**–भारतीय इतिहास में प्राचीन काल से ही यह परम्परा रही है कि महान शासकों के आश्रय में उनके कवियों ने अपने सम्राट की प्रशंसा में काव्य ग्रंथों की रचना की। कवियों ने इन काव्य ग्रंथों में अपने आश्रयदाता सम्राटों के गुणों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है और जब काव्य ग्रंथ किसी शिलालेख पर उत्कीर्ण कराया जाता है तो उसे प्रशस्ति कहा जाता है। इनमें राजाओं की यशोगाथा होती है या लोगों द्वारा धार्मिक उद्देश्य से किए गए दान-पुण्य का उल्लेख होता है। अन्य शब्दों में, कवियों ने अपने आश्रयदाता राजाओं की प्रशंसा एवं उनकी कीर्ति को बढ़ाने के लिए जिन अभिलेखों की रचना की, तथा इन्हें प्रशस्ति नाम दिया।

**प्रश्न 3. पुरालिपि शास्त्र (Palaeology) की परिभाषा दीजिए।**

**उत्तर**–लिपियों के अध्ययन को पुरालिपि शास्त्र कहते हैं। अभिलेखों से उनके शासकों से सम्बन्धित काफी महत्त्वपूर्ण जानकारी हासिल होती है। लेकिन कुछ अभिलेखों में तिथि के अभाव के कारण जानकारी का स्पष्ट निर्धारण संभव नहीं होता। इस स्थिति में उस अभिलेख को लिपि के आधार पर या लेखन शैली के आधार पर अभिलेखों के अध्ययन को पुरा लिपि शास्त्र के अन्तर्गत रखा जाता है।

**प्रश्न 4. अशोक के अधिकतर शिलालेख किस लिपि में लिखे गए हैं?**

**उत्तर**–मौर्यकाल भारत के इतिहास के सबसे गौरवपूर्ण साम्राज्यों में से एक था। इस काल में भारतवर्ष ने सभी क्षेत्रों में उन्नति की पराकाष्ठा को स्पर्श किया। मौर्यकाल के विषय में सम्पूर्ण जानकारी मौर्य शासकों के अभिलेखों से मिलती है। विशेषकर अशोक के अभिलेखों द्वारा। अशोक को अभिलेखों में प्रियदर्शी अर्थात् देवताओं का प्रिय राजा कहा गया है। अशोक के अधिकतर शिलालेखों की लिपि ब्राह्मी है एवं भाषा प्राकृत है, जो तत्कालीन सामान्यजन की भाषा थी। यह लिपि बायें से दायें लिखी जाती थी। इस लिपि से भारत की हिन्दी, पंजाबी, बंगाली, मराठी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ आदि सभी भाषाओं की लिपियों का विकास हुआ है।

## पाठगत प्रश्न 1.3

**प्रश्न 1. सिक्कों के अध्ययन को क्या कहा जाता है?**

**उत्तर**–प्राचीन भारतीय इतिहास की जानकारी देने में अभिलेख एवं अन्य पुरातात्त्विक सामग्री के अलावा सिक्के भी काफी महत्त्वपूर्ण हैं। चूँकि विभिन्न कालों में विभिन्न शासक वंशों ने सिक्के जारी करवाये, इसलिए सिक्कों से उस शासक वंश के बारे मे जानना काफी आसान हो जाता है। सिक्कों के अध्ययन को मुद्राशास्त्र कहते हैं। मुद्राशास्त्र के अन्तर्गत सिक्कों पर

www.neerajbooks.com

उकेरी हुई लिपि और आकृतियों जैसे दृश्य तत्त्व ही नहीं बल्कि धातुओं के विश्लेषण जैसे तत्त्व भी आ जाते हैं। सिक्कों के अध्ययन का महत्त्व इस कथन से समझा जा सकता है कि 206 ई.पू. से लेकर 300 ई. तक के भारतीय इतिहास का ज्ञान हमें प्रमुखत: सिक्कों से ही होता है।

**प्रश्न 2. आहत (पंच मार्क्ड) सिक्कों में किन धातुओं का प्रयोग होता था?**

**उत्तर**–भारत में सिक्कों का प्रचलन कब से शुरू हुआ यह एक विचारणीय प्रश्न है। आमतौर पर यह माना जाता है कि सबसे पहले हमें जो सिक्के प्राप्त होते हैं वे ई.पू. छठी शताब्दी के हैं और ई.पू. छठी शताब्दी से ही भारत मे सिक्कों का प्रचलन शुरू हुआ। इन सिक्कों को 'आहत सिक्के' या 'पंचमार्क्ड' सिक्के भी कहा जाता है, क्योंकि इनके मुख्य भाग पर 5 चिह्न उत्कीर्ण होते थे।, प्राचीन सिक्के अधिकतर ताँबा, चाँदी, सोना तथा सीसा जैसी धातुओं से निर्मित किए जाते थे।

**प्रश्न 3. भारत में पहले-पहल किस राजवंश ने सोने के सिक्कों को जारी किया था?**

**उत्तर**–भारत में सबसे पहले सोने के सिक्कों को कुषाण शासकों ने जारी किया। कुषाण शासकों में भी सबसे पहले वीम कदफिसस ने चलाये। वीम के समय से ही स्वर्ण सिक्कों का प्रचार आरंभ हुआ और कनिष्क तथा उसके उत्तराधिकारी हुविष्क के काल में नाना प्रकार के स्वर्ण-सिक्के भारी संख्या में बनने लगे।

## पाठगत प्रश्न 1.4

**प्रश्न 1. 'पुरातत्व शास्त्र' की परिभाषा दीजिए।**

**उत्तर**–प्राचीन काल के अध्ययन के लिए पुरातात्त्विक सामग्री का विशेष महत्त्व होता है और भारतीय इतिहास की जानकारी प्राप्त करने के लिए इस पुरातात्त्विक सामग्री का अध्ययन जिस शास्त्र के अन्तर्गत किया जाता है उसे पुरातत्त्व शास्त्र की संज्ञा दी जाती है।

**प्रश्न 2. सी-14 काल-निर्धारण की उपयोगिता समझाइए।**

**उत्तर**–इतिहास के अन्तर्गत पुरातात्त्विक सामग्री को महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है, लेकिन इन पुरातत्त्व सम्बन्धी वस्तुओं के सही काल-निर्धारण की आवश्यकता होती है, ताकि इनके द्वारा दी गयी महत्त्वपूर्ण जानकारी भ्रमित न करें। खुदाई से प्राप्त अवशेषों की प्राचीनता या काल का निर्धारण करने की वर्तमान में कई पद्धतियाँ प्रचलित हैं। उत्खनन के फलस्वरूप जो भी वस्तुएं या भौतिक अवशेष प्राप्त होते हैं, उनका सबसे पहले वैज्ञानिक परीक्षण किया जाता है ताकि यह जानकारी प्राप्त की जा सके कि भौतिक अवशेष कितने प्राचीन हैं। पुरातत्त्व सम्बन्धी वस्तुओं का काल-निर्धारण के लिए वर्तमान में एक पद्धति प्रचलित है, जिसे रेडियो कार्बन या कार्बन-14 (सी-14) काल निर्धारण पद्धति कहते हैं।

## पाठगत प्रश्न 1.5

**प्रश्न 1. 'इंडिका' किसने लिखी?**

**उत्तर**–मौर्य साम्राज्य की स्थापना से भारत में एक नये युग की शुरुआत हुई। सिकन्दर के सेनापति सेल्यूकस ने भारत पर आक्रमण कर दिया, लेकिन वह चन्द्रगुप्त मौर्य से पराजित हुआ। परिणामस्वरूप दोनों के बीच मैत्री-सन्धि हो गयी और सेल्यूकस ने अपना राजदूत मेगस्थनीज मौर्य दरबार में भेजा। मेगस्थनीज ने भारत में जो भी देखा-सुना उसे एक पुस्तक का रूप दे दिया और इस पुस्तक का नाम 'इंडिका' रखा। दुर्भाग्यवश यह पुस्तक विलुप्त हो गई है, परन्तु इस पुस्तक के अनेक उद्धरण परवर्ती लेखकों–स्ट्रेबो, प्लिनी, एरियन आदि के ग्रंथों में सुरक्षित हैं। डॉ. स्वानबेक ने सर्वप्रथम 1846 में इन समस्त उद्धरणों को संगृहीत करके प्रकाशित किया था।

**प्रश्न 2. भारत आने वाले चीनी यात्रियों के नाम बताइए।**

**उत्तर**–भारत आने वाले चीनी यात्रियों में फाहियान, ह्वेनसांग एवं इत्सिंग महत्त्वपूर्ण हैं।

**प्रश्न 3. नालंदा विश्वविद्यालय के उत्कर्ष का उल्लेख किस चीनी यात्री ने किया?**

**उत्तर**–नालंदा विश्वविद्यालय के उत्कर्ष का उल्लेख चीनी यात्री ह्वेनसांग ने किया। ह्वेनसांग हर्ष के समय भारत आया था। ह्वेनसांग ने नालंदा विश्वविद्यालय में लगभग छ: वर्ष तक अध्ययन किया था। ह्वेनसांग के अनुसार नालंदा विश्वविद्यालय उस युग का सर्वप्रमुख शिक्षा केन्द्र था। ह्वेनसांग ने इस विश्वविद्यालय के अध्यक्ष आचार्य शीलभद्र से योग की शिक्षा प्राप्त की। ह्वेनसांग के अनुसार नालंदा एक स्नातकोत्तर विश्वविद्यालय था, जिसमें उस समय के सभी राज्यों एवं प्रान्तों के विद्यार्थी और शिक्षक थे। विद्यार्थियों की संख्या लगभग 9000 थी एवं 1500 के लगभग शिक्षक इस विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य कराते थे। नालंदा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को काफी कठिन परीक्षा के बाद ही प्रवेश मिल जाता था।

## पाठगत प्रश्न 1.6

**प्रश्न 1. स्वतंत्रता के बाद इतिहास लेखन में उभरी प्रवृत्ति पर प्रकाश डालें।**

**उत्तर**–इतिहास लेखन सदा से ही एक महत्त्वपूर्ण कार्य रहा है। प्राचीन भारत में इतिहास लेखन किया जाता रहा था। मध्यकाल में भी इतिहास लेखन का कार्य चलता रहा। आधुनिक काल में भी इतिहास लेखन की प्रवृत्ति जारी रही। हालांकि इस काल में अंग्रेजों ने इसे अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश की। स्वतंत्रता के बाद इतिहास लेखन में कुछ नई प्रवृत्तियों का आगमन हुआ जो पिछले कालों में प्रचलित इतिहास लेखन की

Neeraj Publications www.neerajbooks.com